प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 20.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

बीकानेर जिले में दो अलग–अलग सड़क हादसों में 9 लोगो की मृत्यु हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। एक दुर्घटना कल रात देशनोक में हुई जहां एक ट्रक कार के ऊपर पलट गया, जिससे कार में सवार 6 लोगों की मौत हो गई। ये सभी लोग एक ही परिवार के थे तथा नोखा से देशनोक शादी समारोह में भाग लेने आये थे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। एक अन्य हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से श्री डूंगरगढ के हेमासर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोटरसाईकिल सवार तीन युवकों की मृत्यु हो गई। दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चारों युवक मोटरसाईकिल से श्रीडूंगरगढ़ से अपने गांव बापेउ जा रहे थे।

000000

केन्द्र सरकार ने ऑनलाइन अश्लील सामग्री के खिलाफ कई कदम उठाये है, ताकि इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के लिए खुला, सुरक्षित, विश्वसनीय और जवाबदेह इंटरनेट सुनिश्चित किया जा सके। यह बात इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में कही। उन्होंने कहा कि आईटी अधिनियम 2000 में इलेक्ट्रॉनिक रूप में बच्चों का यौन चित्रण करने वाली सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित करने पर भी कड़ी सजा का प्रावधान है। अपने जवाब में श्री वैष्णव ने देश में साइबर अपराधों से निपटने के तंत्र पर भी प्रकाश डाला।

0000

खेलो इंडिया पैरा गेम्स का दूसरा चरण आज दोपहर बाद नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम के के.डी. जाधव हॉल में शुरू होगा। उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण, प्रसार भारती स्पोर्ट्स यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। 27 मार्च तक चलने वाले इस टूर्नामेन्ट में एक हजार 300 से

अधिक पैरा खिलाडी छह स्पर्धाओं में भाग लेंगे जिसमें तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, पावरलिफ्टिंग और शूटिंग शामिल हैं।

0000

दुनियाभर में हाउस स्पैरो यानी गौरेया के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढाने के लिए आज विश्व गौरेया दिवस मनाया जा रहा है। ये दिन हर साल 20 मार्च को मनाया जाता है।
इस वर्ष की थीम है–प्रकृति की नन्हीं संदेश वाहकों के लिए एक उपहार। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में गौरेया दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी से इन नन्हें पक्षियों के संरक्षण के लिए प्रयास करने का संकल्प लेने को कहा है। वन और पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने भी प्रकृति के संतुलन और पर्यावरण संरक्षण की प्रतीक गौरेया को संरक्षित और आदर्श वातावरण देने के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया है।

0000

पारसी नववर्ष का त्यौहार – नवरोज़ आज परम्परागत रूप से मनाया जा रहा है। शांति और समृद्धि का प्रतीक ये त्यौहार पारसी समुदाय का सबसे प्रमुख त्यौहार है। यह दिन मन को शुद्ध करने तथा प्रेम और शांति के साथ नया साल शुरू करने के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने सभी के लिए ढेर सारी खुशियाँ, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

0000

उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के लिए पंजीकरण आज से शुरू हो गया है। पंजीकरण के लिए श्रद्धालुओं को अपना आधार कार्ड विवरण देना होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस वर्ष यात्रा से 40 दिन पहले ही ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की की गई है।

0000

कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने पी.एम. इंटर्नशिप योजना के लिए अपना दूसरा ओपन हाउस आयोजित किया है, ताकि योजना के पात्र उम्मीदवारों को शामिल किया जा सके। एक वक्तव्य में, मंत्रालय ने कहा कि मंत्रालय हर हफ्ते ये ओपन हाउस आयोजित करने की भी योजना

बना रहा है, जिससे उम्मीदवारों को उनके सवालों के शीघ्र जवाब मिल सकें।

00000

जयपुर के जवाहर कला केंद्र स्थित शिल्पग्राम में कल से 24वां कला मेला शुरू हुआ। पांच दिन चलने वाले इस मेले में देशभर के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करने पंहुचे है। मेले में 500 से अधिक कलाकारों की 118 स्टॉल्स लगायी गयी हैं। इन स्टॉल्स पर पेंटिंग्स, इंस्टॉलेशन, मूर्तियों और अन्य कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। आज मेले में वैक्स कार्विंग और कैरिकेचर डेमोंस्ट्रेशन दिये जायेंगे। इसके साथ ही कलाकारों के लिए टॉक शो रखा गया है। वहीं शाम को लाइट एंड साउंड शो आयोजित किया जायेगा।

0000